क्रिकेट से भी ज्यादा मोटो जीपी रेस की दीवानगी

1.80 लाख तक का टिकट, 4.5 लाख दर्शक, 200 देशों में होगा प्रसारण

अमर उजाला ब्यूरो

मोटो जीपी के जरिये ब्रांड यूपी को प्रमोट करेगी योगी सरकार

22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में जुटेंगे विश्वभर के रेसिंग दिग्गज

लखनऊ। भारत के ग्रोथ इंजन बनने की तरफ बढ़ रहा उत्तर प्रदेश 'मोटो जीपी भारत 2023' के जरिए वैश्विक पटल पर अपनी छवि और मजबूत करेगा। 22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पहली बार इस इवेंट की मेजबानी प्रदेश सरकार कर रही है। इसके जरिये उत्तर प्रदेश को 200 से अधिक देशों में बतौर ब्रांड यूपी स्थापित करने का मौका मिलेगा। वहीं, प्रदेश रेसिंग स्पोर्ट्स का भारत का इकलौता हब बनकर उभरेगा। इसका रोडमैप नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने तैयार किया है। तीन दिन के रेसिंग शो में रोजाना डेढ़ लाख लोग हिस्सा लेंगे। दर्शकों की संख्या के आधार पर रेसिंग को लेकर ये दीवानगी क्रिकेट से ज्यादा है।

प्रदेश में इस वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच वैश्विक निवेशक सम्मेलन के जरिये 37 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया। अब मोटो जीपी आयोजन के दौरान दुनिया भर के प्रतिष्ठित ब्रांड यूपी में मौजूद रहेंगे। इनमें रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्लू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉंडा, मिशेलिन, अमेजन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां शामिल हैं। इनके सीईओ भी शिरकत करने आ रहे हैं। इनके साथ सरकार के वरिष्ठ अधिकारी बैठक करेंगे। अगर प्रदेश में इन कंपनियों के निवेश का रास्ता साफ हो गया तो ब्रांड यूपी की वैश्विक स्वीकार्यता में बढ़ोतरी होगी।

3 दिन में 20 रेसिंग इवेंट

इस रेसिंग इवेंट में साढ़े चार लाख से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे। विदेशों से 10 हजार लोग बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। वहीं, इस इवेंट का 200 देशों में सीधा प्रसारण होने से 45 करोड़ से अधिक लोग देखेंगे। टिकटों की कीमत 800 से लेकर 1.80 लाख रुपये तक है। तीन दिन में 20 रेसिंग इवेंट होंगे। फाइनल रेस 24 सितंबर को होगी। इसमें 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं। दुनिया के 110 देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक ग्रेटर नोएडा का रुख कर रहे हैं।